इब्राहिम की कहानी (7 का भाग 6): सबसे बड़ा बलिदान

रेटिंग: TOP 20

विवरण:

श्रेणी: लेख इस्लाम की मान्यताएं पैगंबरों की कहानियां

द्वारा: Imam Mufti

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021

इब्राहिम ने अपने पुत्र की बलि दी

इब्राहीम को ईश्वर की देखरेख में मक्का में अपनी पत्नी और बच्चे को छोड़े हुए करीब दस साल हो चुके थे। दो महीने की यात्रा के बाद, वह मक्का को देख के हैरान रह गए, मक्का बदल गया था जैसा वो छोड़ के गए थे। पुनर्मिलन का आनंद जल्द ही बाधित हो गया, जो उसके विश्वास की अंतिम परीक्षा थी। ईश्वर ने इब्राहीम को एक सपने के माध्यम से अपने बेटे की बलि देने का आदेश दिया, वह पुत्र जो उसको वर्षों की प्रार्थनाओं के बाद और एक दशक के अलगाव के बाद मिला था।

हम क़ुरआन से जानते हैं कि जिस बच्चे की बलि दी जानी थी वह इस्माईल था, ईश्वर ने जब इब्राहिम और सारा को इसहाक के जन्म की खुशखबरी दी, तो उसने एक पोते याकूब (इस्राईल) की भी खुशखबरी दी:

"...लेकिन हमने उसे इसहाक और उसके बाद याकूब के बारे में खुशखबरी दी।" (क़ुरआन 11:71)

इसी तरह, बाइबिल के पद उत्पत्ति 17:19 में, इब्राहिम से वादा किया गया था:

"तेरी पत्नी सारा तेरे लिये एक पुत्र उत्पन्न करेगी जिसका नाम इसहाक होगा। मैं उसके साथ अपनी वाचा को सदा की वाचा ठहराऊंगा [और] उसके बाद उसके वंश के साथ।"

क्योंकि ईश्वर ने सारा को इब्राहिम से एक बच्चा और उस बच्चे के पोते-पोतियों को देने का वादा किया था, इसलिए ईश्वर के लिए यह ना तो तार्किक रूप से और ना ही व्यावहारिक रूप से संभव है कि

वह इब्राहिम को इसहाक की बलि देने की आज्ञा दे, क्योंकि ईश्वर ना तो अपना वादा तोड़ता है, और ना ही वह "भ्रम का लेखक" है।

यद्यपि उत्पत्ति 22:2 में इसहाक को स्पष्ट रूप से उस व्यक्ति के रूप में उल्लेख किया गया है जिसका बलिदान दिया जाना था, हम बाइबिल के अन्य संदर्भों से सीखते हैं कि यह स्पष्ट प्रक्षेप है, और जिस व्यक्ति की बलि देनी थी वह इस्माईल थे।

"तेरा इकलौता बेटा"

उत्पत्ति 22 के पदों में, ईश्वर इब्राहिम को अपने इकलौते पुत्र की बलि चढ़ाने का आदेश देता है। जैसा कि इस्लाम, यहूदी और ईसाई धर्म के सभी विद्वान सहमत हैं, इस्माईल का जन्म इसहाक से पहले हुआ था। इससे इसहाक को इब्राहीम का इकलौता पुत्र कहना उचित नहीं होगा।

यह सच है कि यहूदी-ईसाई विद्वान अक्सर तर्क देते हैं कि चूंकि इस्माईल एक उपपत्नी से पैदा हुआ था, इसलिए वह एक वैध पुत्र नही था। हालांकि, हम पहले ही उल्लेख कर चुके हैं कि यहूदी धर्म के अनुसार संतान पैदा करने के लिए बांझ पत्नियों द्वारा अपने पतियों को उपपत्नी का उपहार देना एक सामान्य, वैध और स्वीकार्य कार्य था, और उपपत्नी द्वारा उत्पन्न बच्चे का दावा पिता की पत्नी द्वारा किया जाएगा [1], विरासत सहित उसके, पत्नी के, अपने बच्चे के रूप में सभी अधिकार मिलते थे। इसके अलावा, उन्हें अन्य बच्चों की तुलना में दोगुना हिस्सा प्राप्त होता था, भले ही वे उनसे "नफरत" क्यों न हो [2]।

इसके अलावा, बाइबल में यह अनुमान लगाया गया है कि सारा खुद हाजिरा से पैदा हुए बच्चे को एक सही उत्तराधिकारी मानती थी। यह जानते हुए कि इब्राहीम से वादा किया गया था कि उसका वंश नील और फरात (उत्पत्ति 15:18) नदी के बीच की भूमि को अपने शरीर से भर देगा (उत्पत्ति 15:4), उसने इब्राहीम को हाजिरा की पेशकश की ताकि वह इस भविष्यवाणी को पूरा करने का माध्यम बने। उसने कहा,

"सारा ने इब्राहिम से कहा, 'देखो, प्रभु ने मुझे सन्तानहीन रखा है। इसलिए मैं तुमसे विनती करती हूं, तुम मेरी दासी के पास जाओ। सम्भव है, उससे पुत्र हों और मैं पुत्रवती बन जाऊं।" (उत्पत्ति 16:2)

यह भी इसहाक के पुत्र याकूब की पत्नियों लिआ और राहेल के समान है, जो अपनी दासियों को याकूब को संतान उत्पन्न करने के लिए देती हैं (उत्पत्ति 30:3, 6-7, 9-13)। उनके बच्चे दान, नप्ताली, गाद और आशेर थे, जो याकूब के बारह पुत्रों में से थे, जो इस्राएलियों के बारह गोत्रों के पिता थे, और इसलिए वैध वारिस थे।[3].

इससे, हम समझते हैं कि सारा का मानना था कि हाजिरा से पैदा हुआ बच्चा इब्राहीम को दी गई भविष्यवाणी की पूर्ति होगी, और ऐसा होगा जैसे वह अपने आप से पैदा हुआ हो। इस प्रकार, केवल इस तथ्य के अनुसार, इस्माईल नाजायज नहीं है, बल्कि एक सही वारिस है।

ईश्वर स्वयं इस्माईल को एक वैध उत्तराधिकारी मानता है, क्योंकि कई जगहों पर, बाइबिल में उल्लेख किया गया है कि इस्माईल इब्राहिम का "बीज" है। उदाहरण के लिए, उत्पत्ति 21:13 में:

"और दासी के पुत्र से भी मैं एक जाति बनाऊंगा, क्योंकि वह तेरा वंश है।

ऐसे और भी कई कारण हैं जो यह साबित करते हैं कि इसहाक की बजाय इस्माईल की बलि दी जानी थी, और ईश्वर की इच्छा से, इस मुद्दे पर एक अलग लेख लिखा जाएगा।

वर्णन को जारी रखते हुए, इब्राहीम ने अपने पुत्र से यह देखने के लिए परामर्श किया कि क्या वह समझ गया है कि उसे ईश्वर ने क्या आज्ञा दी थी,

"तो हमने शुभ सूचना दी उसे, एक सहनशील पुत्र की। फिर जब वह पहुँचा उसके साथ चलने-फिरने की आयु को, तो इब्राहीम ने कहाः हे मेरे प्रिय पुत्र! मैं देख रहा हूँ स्वप्न में कि मैं तुझे वध कर रहा हूँ। अब, तू बता कि तेरा क्या विचार है? उसने कहाः हे पिता! पालन करें, जिसका आदेश आपको दिया जा रहा है। आप पायेंगे मुझे सहनशीलों में से, यदि ईश्वर की इच्छा हूई। " (क़ुरआन 37:101-102)

वास्तव में यदि किसी व्यक्ति को उनका पिता कहे कि तुझे सपने के कारण वध करना है, तो वह इसे अच्छे तरीके से नहीं लेगा। व्यक्ति के सपने के साथ-साथ विवेक पर भी संदेह हो सकता है, लेकिन इस्माईल अपने पिता की स्थिति को जानता था। एक धर्मपरायण पिता का धर्मपरायण पुत्र ईश्वर को समर्पित करने के लिए प्रतिबद्ध था। इब्राहीम अपने पुत्र को उस स्थान पर ले गया, जहां उसकी बलि देनी थी, और उसे मुंह के बल लिटा दिया। इसलिए ईश्वर उन्हें सबसे सुंदर शब्दों में वर्णित करता है, प्रस्तुत करने के सार का एक चित्र चित्रित किया है; जो आंखों में आंसू ला देता है:

"अन्ततः, जब दोनों ने स्वयं को अर्पित कर दिया और पिता (इब्राहीम) ने उसे (इस्माईल) गिरा दिया माथे के बल (बलिदान के लिए)।" (क़ुरआन 37:103)

जैसे ही इब्राहीम का चाकू काटने को तैयार था, एक आवाज ने उसे रोक लिया

"तब हमने उसे आवाज़ दी कि हे इब्राहीम! तूने सच कर दिया अपना स्वप्न। इसी प्रकार, हम प्रतिफल प्रदान करते हैं सदाचारियों को। वास्तव में, ये खुली परीक्षा थी।" (क़ुरआन 37:104-106)

वास्तव में, यह सबसे बड़ी परीक्षा थी, अपने इकलौते बच्चे का बलिदान, जो उसके बुढ़ापे में और संतान की लालसा के वर्षों के बाद पैदा हुआ था। यहां, इब्राहीम ने ईश्वर के लिए अपनी सारी संपत्ति का बलिदान करने की इच्छा दिखाई, और इस कारण से, उन्हें पूरी मानवता का प्रमुख नामित किया गया, ईश्वर ने उसके संतानो को पैगंबर बना के उसे आशीर्वाद दिया।

"और जब इब्राहीम की उसके पालनहार ने कुछ बातों से परीक्षा ली और वह उसमें पूरा उतरा, तो उसने कहा कि मैं तुम्हें सब इन्सानों का धर्मगुरु बनाने वाला हूं। (इब्राहीम ने) कहाः तथा मेरी संतान से भी।" (क़ुरआन 2:124)

इस्माईल की जगह एक मेढ़े को रख के उसे बचाया गया था,

'...और हमने उसके मुक्ति-प्रतिदान के रूप में, प्रदान कर दी एक महान बली।' (क़ुरआन 37:107)

यह ईश्वर में समर्पण और विश्वास का प्रतीक है, जिसे हर साल लाखों मुसलमान हज के दिनों में दोहराते हैं, एक दिन जिसे यवम-उन-नाहर - बलिदान का दिन, या ईद उल-अज़हा - या बलिदान का उत्सव कहा जाता है।

इब्राहीम फिलिस्तीन लौट आये, और ऐसा करने पर, स्वर्गदूतों ने उससे मुलाकात की जिन्होंने इब्राहिम और सारा को एक बेटे इसहाक की खुशखबरी सुनाई,

"उन्होंने कहाः डरो नहीं, हम तुम्हें एक ज्ञानी बालक की शुभ सूचना दे रहे हैं।" (क़ुरआन 15:53)

उसी समय उन्हें लूत के लोगों के विनाश के बारे में भी बताया गया था।

फुटनोट:

[1] ??????। एमिल जी. हिर्श और शुलमि ओचर। यहूदी विश्वकोश। (http://www.jewishencyclopedia.com/view.jsp?artid=313&letter=P).

[2] व्यवस्थाविवरण 21:15-17। यह भी देखें: ???????????। एमिल जी. हिर्श और आई. एम. कैसानोविक्ज़। यहूदी विश्वकोश। (http://www.jewishencyclopedia.com/view.jsp?artid=527&letter=P).

[3] *?????*. एमिल जी. हिर्श, एम. सेलिगसोहन, सोलोमन शेचटर और जूलियस एच। ग्रीनस्टोन। यहूदी विश्वकोश। (http://www.jewishencyclopedia.com/view.jsp?artid=19&letter=J).

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/index.php/hi/articles/298

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।